distribution system so as to maintain generation at high level.

**मध्य प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों को रियायती दर पर बिजली उपलब्ध कराना**

**1001. श्री अजीत जोगी :**
**चौधरी हरि सिंह :**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों को केन्द्रीय ग्रिड से रियायती दर पर बिजली देने का विचार रखती हैं; और

(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश को दी जाने वाली बिजली की संभावित मात्रा क्या होगी और कितने समय तक दी जायेगी ?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू)** : (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

**उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बिजली का उत्पादन**

**1002. श्री अजीत जोगी :** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में वर्ष 1990-91, 1991-92 के दौरान और वर्ष 1992-93 में आज की तारीख तक कुल कितनी बिजली उत्पादित की गई;

(ख) इन दोनों राज्यों में उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रति मेगावाट बिजली उत्पादन पर कितना व्यय हुआ; और

(ग) क्या इन राज्यों में विद्युत की कमी को पूरा करने के लिए कुछ नई परियोजनायें स्वीकृत की जा रही हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू** : (क) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 (जून, 1993 तक) के दौरान उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल उत्पादित ऊर्जा इस प्रकार है :-

(आंकड़े . मि. यू. में) ।

| | 1990-91 | 1991-92 | 1992-93 | 1993-94 (जून 93 तक) |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश . . . | 38288 | 43916 | 47266 | 11917 |
| मध्य प्रदेश . . | 29540 | 32865 | 33034 | 8536 |

(ख) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में विद्युत की कमी को पूरा करने हेतु निम्नलिखित विद्युत परियोजनायें आरम्भ की